हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि
रायपुर, शुक्रवार 12 जून 2026

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

तापमान

अधिकतम 31.5 डिग्री

न्यूनतम 16.8 डिग्री

14 व्यापम की प्री-बीएड में 75% और बीएससी नर्सिंग ...



14 पति से विवाद के बाद मानसिक संतुलन ...



# अवैध खनन पर जिला प्रशासन की बड़ी कार्रवाई: 5 हाइवा और जेसीबी जब्त

## मनोधरपुर में संयुक्त टीम का छापा, खनिज अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिले में अवैध खनिज उत्खनन और परिवहन के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत प्रशासन को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस विभाग, राजस्व विभाग और खनिज विभाग की संयुक्त टीम ने ग्राम मनोधरपुर (तहसील नांदघाट) में कार्रवाई करते हुए अवैध रूप से मुरूम और मिट्टी के उत्खनन तथा परिवहन में संलिप्त 5 हाईवा वाहनों और 1 जेसीबी मशीन को जब्त किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार संयुक्त दल ने क्षेत्र में निरीक्षण एवं जांच के दौरान अवैध खनन गतिविधियों का पता लगाया। मौके पर खनिज सामग्री का अवैध उत्खनन और परिवहन होते पाए जाने पर तत्काल कार्रवाई करते हुए पांच हाईवा वाहनों को जब्त कर सुरक्षा की दृष्टि से मारो चौकी की अभिरक्षा में रखा गया। वहीं अवैध उत्खनन में उपयोग की जा रही एक चेन माउंटेड जेसीबी मशीन को भी जब्त कर नियमानुसार ग्राम कोटवार के सुपुर्द किया गया। खनिज विभाग ने संबंधित वाहनों एवं मशीन के विरुद्ध अवैध उत्खनन और परिवहन का प्रकरण दर्ज कर लिया है। मामले में खान और खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम, 1957 की धारा 21 से 23-ख के तहत आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

जिला प्रशासन ने कहा है कि प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण और अवैध खनन पर रोक लगाने के लिए जिले भर में सतत निगरानी रखी जा रही है। प्रशासन ने चेतावनी दी है कि अवैध खनन एवं परिवहन में संलिप्त पाए जाने वाले व्यक्तियों के खिलाफ भविष्य में भी कठोर कार्रवाई जारी रहेगी।



## खबर संक्षेप

### डेढ़ लाख रुपए के गांजा के साथ युवक गिरफ्तार

**भिलाई।** गांजा बेचने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मोहन नगर पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर कैलाश नगर दुर्ग के पास दबिश देकर कुल 2.506 किलोग्राम गांजा, 50 पुड़िया मादक पदार्थ जब्त किया गया। आरोपी से पूछताछ करने पर शक्ति नगर, दुर्ग निवासी नितेश साहू बताया है। आरोपी के पास से एक सफेद थैले के झिल्ली के अंदर से 2.324 किलोग्राम गांजा,एयरटाइट पॉलीथीन में रखा 50 गांजा पुड़िया, वजन 0.182 किलोग्राम, नगद 8 हजार रुपए बरामद किया। उक्त सामानों की कीमत 1.50 लाख रुपए आंकी गई है।

### कार से इंटर कूलर की चोरी करने वाला पकड़ा गया

**भिलाई।** गैरेज में खड़ी कार से इंटर कुलर चोरी करने के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि विश्वकर्मा मार्केट, सुपेला में श्री बालाजी रत्ना मोटर्स वर्क्स में वाहन मरम्मत किया जाता है। मरम्मत के लिए वाहनों को गैरेज में खड़ा किया जाता है। इस दौरान कार वाहन सीजी 07 एजी 4848 में लगा इंटर कूलर गायब था। शिकायत के बाद पुलिस ने गैरेज में लगे सीसीटीवी कैमरों को चेक किया। जिसमें युवक इंटर कूलर कपड़े में लपेटकर ले जाते दिख रहा था। पूछताछ करने पर युवक ने अपना नाम डमरू पारा वार्ड 8, न्यू कृष्णा नगर सुपेला निवासी बंटी उर्फ बेटी जी नट बताया है। विवेचना के दौरान पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर पूछताछ करने पर चोरी करना स्वीकार किया। आरोपी को न्यायालय में पेश कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। पुलिस ने बताया कि ऐसे लोगों को लेकर जिले में लगातार सर्चिंग की जा रही है।

## खाद-बीज संकट, डीजल की बढ़ती कीमतों और सिंचाई समस्याओं पर सरकार को घेरा, ज्ञापन सौंपा

# किसानों की 9 सूत्रीय मांगों को लेकर कांग्रेस का कलेक्ट्रेट घेराव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

किसानों की ज्वलंत समस्याओं और 9 सूत्रीय मांगों को लेकर जिला किसान कांग्रेस के नेतृत्व में बुधवार को कलेक्ट्रेट बेमेतरा का घेराव एवं प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन में बड़ी संख्या में किसान, कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल हुए। इस दौरान भाजपा सरकार की किसान विरोधी नीतियों के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई और प्रशासन को मांगों से संबंधित ज्ञापन सौंपा गया। प्रदर्शन को संबोधित करते हुए पूर्व कैबिनेट मंत्री रविंद्र चौबे ने कहा कि डबल इंजन की सरकार किसानों को खून के आंसू रुलाने का काम कर रही है। उन्होंने खाद-बीज की किल्लत, डीजल-पेट्रोल की बढ़ती कीमतों, सिंचाई व्यवस्था की बदहाली तथा किसानों से जुड़े अन्य मुद्दों को प्रमुखता से उठाते हुए कहा कि खेती- किसानी का समय होने के बावजूद किसानों को पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध नहीं हो पा रही है। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष आशीष छाबड़ा ने कहा कि भाजपा सरकार किसानों के साथ किए गए वादों से मुकर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि किसानों को खाद और बीज के लिए भटकना पड़ रहा है तथा एक बोरी यूरिया के लिए भी लंबी मशक्कत करनी पड़ रही है। किसानों को निजी केंद्रों से महंगे दामों पर खाद-बीज खरीदने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि खेती के सबसे महत्वपूर्ण समय में डीजल की बढ़ती कीमतों ने किसानों की लागत और बढ़ा दी है। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि प्रदेश का अन्नदाता अपनी मूलभूत आवश्यकताओं के लिए संघर्ष कर रहा है, जबकि सरकार केवल घोषणाओं तक सीमित है। किसानों को समय पर खाद-बीज उपलब्ध कराने, कृषि लागत कम करने, सिंचाई सुविधाओं का विस्तार करने तथा कृषि क्षेत्र की समस्याओं का तत्काल समाधान करने की मांग की गई। नेताओं ने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा किसानों के अधिकार, सम्मान और हितों की रक्षा के लिए संघर्ष करती रही है तथा भविष्य में भी किसानों की हर लड़ाई में उनके साथ खड़ी रहेगी। प्रदर्शन में पूर्व कृषि मंत्री रविंद्र चौबे, पूर्व विधायक गुरुदयाल सिंह बंजारे, किसान कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अभिषेक मिश्रा, प्रदेश प्रभारी राष्ट्रीय महासचिव मनोज नचार, जिला किसान कांग्रेस अध्यक्ष मंगत साहू, जिला प्रभारी अंजोर दास, राजेंद्र साहू, जनपद अध्यक्ष बेरला माधुरी रवि परगनिहा सहित कांग्रेस के विभिन्न प्रकोष्ठों के पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे।



## उर्वरक नियमों के उल्लंघन पर बड़ी कार्रवाई

# साहू कृषि केन्द्र का लाइसेंस 15 दिनों के लिए निलंबित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



उर्वरकों की कालाबाजारी, जमाखोरी, डायवर्सन और अमानक उर्वरकों की बिक्री पर रोक लगाने के लिए कृषि विभाग द्वारा निरीक्षण अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में ग्राम जेवरी स्थित मेसर्स साहू कृषि केन्द्र के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए उसका उर्वरक प्राधिकार पत्र 15 दिनों के लिए निलंबित कर दिया गया है। जानकारी के अनुसार संचालनालय कृषि, छत्तीसगढ़ रायपुर के निर्देशानुसार गठित जिला स्तरीय निरीक्षण दल ने 6 जून 2026 को विकासखंड बेमेतरा के ग्राम जेवरी स्थित मेसर्स साहू कृषि केन्द्र का औचक निरीक्षण किया था। निरीक्षण के दौरान उर्वरक भंडारण एवं विक्रय से संबंधित विभिन्न अनियमितताएं पाए जाने पर संबंधित प्रतिष्ठान को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था। कृषि विभाग के अधिकारियों द्वारा प्रतिष्ठान की ओर से प्रस्तुत जवाब का परीक्षण किया गया, लेकिन जवाब संतोषजनक नहीं पाया गया। इसके बाद उर्वरक निरीक्षक एवं सहायक संचालक कृषि डॉ. श्याम लाल ने प्रतिष्ठान के उर्वरक प्राधिकार पत्र को निलंबित किए जाने की अनुशंसा की। अनुशंसा के आधार पर प्राधिकृत अधिकारी एवं उप संचालक कृषि मोरध्वज डड़सेना ने उर्वरक (नियंत्रण) आदेश 1985 के खंड 31(क) के तहत प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए मेसर्स साहू कृषि केन्द्र, ग्राम जेवरी के उर्वरक प्राधिकार पत्र को 15 दिवस के लिए निलंबित करने का आदेश जारी किया। निलंबन अवधि के दौरान संबंधित प्रतिष्ठान उर्वरकों के भंडारण, विक्रय अथवा किसी भी प्रकार की व्यावसायिक गतिविधि का संचालन नहीं कर सकेगा। कृषि विभाग ने स्पष्ट किया है कि किसानों के हितों की रक्षा और उर्वरक वितरण व्यवस्था में पारदर्शिता बनाए रखने के लिए जिलेभर में निरीक्षण एवं प्रवर्तन की कार्रवाई आगे भी लगातार जारी रहेगी। नियमों का उल्लंघन करने वाले प्रतिष्ठानों के विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# मामा बनकर बच्ची को बाइक से ले जा रहा युवक गिरफ्तार, ग्रामीणों की सतर्कता से टली बड़ी अनहोनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/देवकर

- आइसक्रीम खिलाकर और 450 रुपये देकर बहलाया, जबरन मोटरसाइकिल पर बैठाकर ले जा रहा था आरोपी; आपराधिक पृष्ठभूमि आने पर बढ़ी चिंता




बेमेतरा जिले के देवकर चौकी क्षेत्र में एक नौ वर्षीय बच्ची को बहला-फुसलाकर मोटरसाइकिल से ले जाने के प्रयास का सनसनीखेज मामला सामने आया है। ग्रामीणों की सजगता और त्वरित कार्रवाई से आरोपी को समय रहते पकड़ लिया गया, जिससे संभावित बड़ी घटना टल गई। घटना के बाद क्षेत्र में बच्चों की सुरक्षा को लेकर अभिभावकों में चिंता का माहौल है। जानकारी के अनुसार, देवकर चौकी से लगभग पांच किलोमीटर दूर मंगलवार शाम करीब 5:30 बजे गांव के जैतखाम के पास कुछ बच्चे खेल रहे थे। इसी दौरान ग्राम सूरजपुरा निवासी जीवन वर्मा वहां पहुंचा। उसने एक साइकिल विक्रेता को 500 रुपये का नोट देकर आइसक्रीम खरीदी और वहां मौजूद बच्चों में बांट दी। इसके बाद उसने एक नौ वर्षीय बच्ची को अपनी भांजी बताते हुए शेष बचे 450 रुपये उसके हाथ में थमा दिए तथा बाजार से सामान दिलाने का बहाना बनाकर जबरन अपनी मोटरसाइकिल पर बैठाकर देवकर की ओर निकल पड़ा।

### 450 रुपये और मोटरसाइकिल जब्त

पुलिस ने बच्ची को दिए गए 450 रुपये नकद तथा घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 07 एलआर 3794 को जब्त कर लिया है। मामले की विस्तृत जांच जारी है। पहले भी दर्ज हो चुका है गंभीर अपराध पुलिस सूत्रों के अनुसार आरोपी जीवन वर्मा के विरुद्ध वर्ष 2018 में खैरागढ़ थाना क्षेत्र में धारा 377 के तहत अप्राकृतिक यौन उत्पीड़न का मामला भी दर्ज हो चुका है। आरोपी की आपराधिक पृष्ठभूमि सामने आने के बाद ग्रामीणों में आक्रोश और चिंता दोनों बढ़ गई है।

### सतर्क ग्रामीणों ने बचाई बच्ची, बनी मिसाल

ग्रामीणों की सूझबूझ, सतर्कता और त्वरित निर्णय के कारण आरोपी को समय रहते पकड़ लिया गया। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि ग्रामीणों ने संदेह नहीं किया होता और तत्काल पीछा नहीं किया होता, तो किसी बड़ी अप्रिय घटना से इनकार नहीं किया जा सकता था। यह घटना बच्चों की सुरक्षा के प्रति समाज की सामूहिक जिम्मेदारी और जागरूकता का महत्वपूर्ण उदाहरण बन गई है।

### ग्रामीणों को हुआ शक, फोन कॉल से खुला राज

घटना के दौरान जैतखाम के पास मौजूद कुछ ग्रामीणों को युवक की गतिविधियां संदिग्ध लगीं। ग्रामीण ने तत्काल बच्ची के चाचा को फोन कर पूछा कि क्या उनके यहां कोई रिश्तेदार अथवा मामा आया हुआ है। परिजनों द्वारा ऐसी किसी जानकारी से इनकार किए जाने पर ग्रामीणों को स्थिति की गंभीरता का एहसास हुआ।

### दो किलोमीटर तक पीछा, गिरने के बाद दबोचा गया आरोपी

इसके बाद ग्रामीणों और परिजनों ने बिना समय गंवाए आरोपी का पीछा शुरू कर दिया। घटना स्थल से लगभग दो किलोमीटर दूर आरोपी को रोकने का प्रयास किया गया, लेकिन उसने वाहन नहीं रोका और वापस गांव की ओर तेज गति से मोटरसाइकिल मोड़ दी। भागने के दौरान गांव के मोड़ के पास उसकी मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर गिर गई। मौके पर पहुंचे ग्रामीणों और परिजनों ने आरोपी को पकड़ लिया तथा पुलिस के हवाले कर दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार घटना के बाद बच्ची काफी डरी-सहमी हुई थी। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए आरोपी जीवन वर्मा पिता जयचंद वर्मा (42 वर्ष), निवासी सूरजपुरा, थाना साजा के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 137(2), 74 तथा पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। आरोपी को न्यायालय में पेश करने के बाद न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया।

# 28 जून से जिले में राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान, 96 हजार से अधिक बच्चों को पिलाई जाएगी पोलियो की खुराक

- शून्य से 5 वर्ष तक के बच्चों को पिलाई जाएगी पोलियो की खुराक
- बूथों के बाद घर-घर जाकर छूटे बच्चों को दी जाएगी दवा

**बेमेतरा।** जिले में राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान का आयोजन 28 जून 2026 से किया जाएगा। यह तीन दिवसीय अभियान कलेक्टर सुश्री प्रतिष्ठा ममगाईं के निर्देशन तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अमृत लाल रोहलेडर के मार्गदर्शन में संचालित होगा। अभियान के माध्यम से जिले के शून्य से 5 वर्ष आयु वर्ग के सभी बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाकर उन्हें पोलियो जैसी गंभीर बीमारी से सुरक्षित करने का लक्ष्य रखा गया है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अमृत लाल रोहलेडर ने बताया कि जिले में कुल 96,085 बच्चों को पोलियों की खुराक पिलाई जाएगी। अभियान के प्रथम दिवस 28 जून 2026 (रविवार) को जिलेभर में स्थापित पोलियो बूथों पर बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई जाएगी। वहीं दूसरे एवं तीसरे दिवस 29 एवं 30 जून 2026 को स्वास्थ्य विभाग की टीमें घर-घर जाकर बूथों में छूटे हुए बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाएंगी। ▶▶| शेष पेज 12 पर



# 79.32 लाख रुपए, लागत से नगर सेना एवं अग्निशमन विभाग के प्रशासकीय भवन और स्टोर रूम निर्माण का भूमिपूजन

- आधुनिक अधोसंरचना से सशक्त होंगी आपदा प्रबंधन एवं जनसेवा संबंधी गतिविधियां: विधायक दीपेश साहू

**बेमेतरा।** जिला सेनानी नगर सेना कार्यालय परिसर में 79.32 लाख रुपये की लागत से निर्मित होने वाले प्रशासकीय भवन एवं स्टोर रूम निर्माण कार्य का भूमिपूजन समारोह हुआ। कार्यक्रम में बेमेतरा विधायक दीपेश साहू मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने जनप्रतिनिधियों एवं विभागीय अधिकारियों के साथ विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा ग्रामीण मंडल गजानंद साहू ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में जनपद पंचायत सदस्य निमा मोहन वर्मा, सरपंच तामेश्वर देवदास, सोसायटी एवं बूथ अध्यक्ष लवकुमार साहू, रोहित साहू,भागीरथी साहू, उपसरपंच आमदेव साहू, वेदप्रकाश वैष्णव, अशोक साहू, छन्नू साहू सहित ग्राम बावामोहतरा के पंचगण, जनप्रतिनिधि तथा अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। अपने संबोधन में विधायक साहू ने कहा कि प्रदेश सरकार आधारभूत अधोसंरचना के विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। नगर सेना एवं अग्निशमन विभाग जनता की सुरक्षा, आपदा प्रबंधन और आपातकालीन सेवाओं का एक महत्वपूर्ण स्तंभ है। ऐसे में विभाग को बेहतर संसाधन और सुविधाएं उपलब्ध कराना समय की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि 79.32 लाख रुपये की लागत से बनने वाला यह भवन विभागीय गतिविधियों को नई गति ▶▶| शेष पेज 12 पर

## शैक्षणिक गुणवत्ता में सुधार, बोर्ड परीक्षा परिणामों में वृद्धि और छात्रावासों की बेहतर व्यवस्था पर दिया विशेष जोर

# नए शैक्षणिक सत्र की तैयारी: नतीजे को लेकर कलेक्टर की सख्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

- प्रत्येक शनिवार यूनिट टेस्ट, विषय विशेषज्ञों की कोर टीम गठन एवं समय पर जाति-आय प्रमाण पत्र बनाने के निर्देश

आगामी शैक्षणिक सत्र 2026-27 के सफल संचालन, शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार तथा छात्रावासों की व्यवस्थाओं को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से जिला पंचायत सभाकक्ष में कलेक्टर सुश्री प्रतिष्ठा ममगाईं ने शिक्षा विभाग एवं आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग की संयुक्त समीक्षा बैठक ली। बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास, विकासखंड शिक्षा अधिकारी, प्राचार्यगण, छात्रावास अधीक्षक तथा संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान कलेक्टर ने जिले के विभिन्न विद्यालयों की एक-एक कर विस्तृत समीक्षा की तथा संबंधित प्राचार्यों से विद्यालयों की वर्तमान स्थिति, शिक्षण व्यवस्था, विद्यार्थियों की संख्या, परीक्षा परिणाम एवं आगामी सत्र की तैयारियों की जानकारी प्राप्त की। कलेक्टर सुश्री ममगाईं ने स्पष्ट रूप से कहा कि जिले के विद्यालयों के परीक्षा परिणामों में इस वर्ष उल्लेखनीय सुधार दिखाई देना चाहिए। इसके लिए सभी शिक्षक एवं प्राचार्य पूर्ण जिम्मेदारी और समर्पण के साथ कार्य करें। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों की शैक्षणिक उपलब्धियों को बढ़ाने के लिए नियमित अध्ययन, सतत मूल्यांकन और प्रभावी मॉनिटरिंग आवश्यक है। उन्होंने निर्देश दिए कि विषयवार अध्ययन की गुणवत्ता बढ़ाने हेतु प्राचार्यों की एक कोर टीम तथा विषय ▶▶| शेष पेज 12 पर



### 10वीं एवं 12वीं के विद्यार्थियों के प्रमाण पत्र समय पर तैयार करने पर जोर

बैठक में कलेक्टर ने विशेष रूप से हाईस्कूल एवं हायर सेकेंडरी के विद्यार्थियों के हितों को ध्यान में रखते हुए निर्देश दिए कि कक्षा 10वीं एवं 12वीं के सभी विद्यार्थियों के आय, जाति एवं निवास प्रमाण पत्र समय-सीमा में तैयार किए जाएं। उन्होंने कहा कि उच्च शिक्षा, छात्रवृत्ति, प्रतियोगी परीक्षाओं एवं विभिन्न शासकीय योजनाओं में इन दस्तावेजों की आवश्यकता होती है, इसलिए किसी भी विद्यार्थी को अनावश्यक परेशानी का सामना नहीं करना चाहिए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक समन्वय स्थापित कर सभी लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

### छात्रावासों में अनुशासन और सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश

इसके पश्चात कलेक्टर ने आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग के अंतर्गत संचालित छात्रावासों एवं आश्रमों की व्यवस्थाओं की समीक्षा की। उन्होंने सभी छात्रावास अधीक्षकों को निर्धारित समय पर छात्रावास में उपस्थित रहने तथा छात्र-छात्राओं की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि छात्रावासों में रहने वाले बच्चों की सुरक्षा, स्वास्थ्य, भोजन व्यवस्था तथा अध्ययन का वातावरण सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। विद्यार्थियों के छात्रावास आने-जाने के समय का नियमित रिकॉर्ड रखा जाए तथा अनुशासन एवं सुरक्षा संबंधी सभी व्यवस्थाओं का कड़ाई से पालन किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी प्रकार की लापरवाही पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

**खबर संक्षेप**



## माटरा में बिजली का नया उपकेन्द्र लोकार्पित

**दुर्ग।** बिजली कंपनी के दुर्ग क्षेत्र अंतर्गत माटरा में नवनिर्मित नया 33/11 केवी बिजली उपकेंद्र लोकार्पित हुआ। कार्यक्रम में मंत्री गजेंद्र यादव प्रमुख रूप से शामिल हुए। विद्युत उपकेन्द्र का भव्य लोकार्पण आज दिनांक 04 जून 2026 को सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस नए उपकेन्द्र के प्रारंभ होने से क्षेत्र के ग्रामीणों और किसानों को लो-वोल्टेज की समस्या से मुक्ति मिलेगी। गजेन्द्र यादव ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार ग्रामीण अंचलों के चहुमुखी विकास और किसानों को सशक्त बनाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। यह नया विद्युत उपकेन्द्र माटरा और आसपास के गांवों में कृषि व घरेलू बिजली व्यवस्था को और मजबूत करेगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे सांसद विजय बघेल ने की। समारोह में विधायक दीपेश साहू, जिला पंचायत अध्यक्ष सरस्वती बंजारे, जितेन्द्र साहू, अवधेश सिंह, लीमन साहू, उषा सोनवानी, डोमेन्द्र सिंह राजपूत, राजेश साहू, डॉ. एनके तिवारी, किसुन लाल साहू, उकेन साहू सहित अन्य मौजूद थे।

## मोदी असाधारण व्यक्तित्व के धनी : साहू



**जामगांव आर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दीर्घायु, उत्तम स्वास्थ्य एवं राष्ट्र के निरंतर विकास हेतु भारतीय जनता पार्टी मंडल जामगांव आर अध्यक्ष कमलेश साहू के नेतृत्व में राम मंदिर जामगांव आर में विशेष पूजा-अर्चना एवं मंगलकामना कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कमलेश साहू ने इस दौरान कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी असाधारण व्यक्तित्व के धनी है। उन्होंने भारत के विकास एवं निरंतर वैश्विक प्रतिष्ठा को नए आयाम पर स्थापित किया है। वे भारत के सर्वाधिक लंबे समय तक रहने वाले निर्वाचित प्रधानमंत्री बने हैं। इस दौरान भगवान राम की पूजा अर्चना में पुणेद्र सिंहा महामंत्री , रामकुमार चन्द्राकर जनपद सदस्य , जागेश्वर साहू और सुभाष केला आदि ने की पूजा अर्चना की।

# न्यू खुर्सीपार में प्रेमप्रकाश पांडेय ने 800 युवा मतदाताओं का किया सम्मान

## पूर्व केबिनेट मंत्री पांडेय के जन्म दिवस पर शहर में विविध कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई







पूर्व केबिनेट मंत्री और विधानसभा अध्यक्ष प्रेमप्रकाश पांडेय के जन्म दिन पर शहर में भाजपा कार्यकर्ताओं,श्रीराम जन्मोत्सव समिति सहित विभिन्न संगठनों द्वारा विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए। सभी ने उन्हें शुभकामनाएं देते हुए दीर्घायु होने की कामना की। श्री पांडेय ने विकास के लिए सेवा की राजनीति को समृद्ध करने का आह्वान किया।

श्री पांडेय की वर्षगांठ पर श्रीराम जन्मोत्सव समिति द्वारा न्यू खुर्सीपार में अग्रसेन भवन में नवयुवाओं को लोकतांत्रिक मूल्यो के प्रति जागरुक करने भव्य सम्मान समारोह आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि श्री पांडेय थे। समिति के प्रांतीय अध्यक्ष रमेश माने, शहर अध्यक्ष बुधन सिंह ठाकुर व सचिव मुरलीधर अग्रवाल मंच पर उपस्थित थे। समिति द्वारा इस अवसर पर आठ सौ नव युवा मतदाताओं का सम्मान समारोह हुआ। श्री पांडेय ने पहली बार मतदान करने वाले 8 सौ नवयुवकों को सम्मानित किया। मुख्य अतिथि श्री पांडेय ने अपने उदबोधन में कहा कि आज के युवा न सिर्फ देश की बल्कि दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र की असली ताकत हैं। लोकतंत्र में जनता ही जनार्दन हैं, जो प्रजातांत्रिक मूल्यों के साथ विकास के विजन को भी समृद्ध करती है।

कार्यक्रम का संचालन आयोजन समिति के मुरलीधर अग्रवाल ने व आभार प्रदर्शन रमेश माने ने किया। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने पूर्व मंत्री श्री पांडेय को 101 लड्डुओं से तौला गया। खुर्सीपार के अलावा श्री पांडेय के जन्म दिन पर हनुमान मंदिर सेक्टर नौ में भी कार्यक्रम हुआ। श्री पांडेय के संकटमोचन के दर्शन को बाद शुभचिंतकों ने जन्म दिन पर लड्डू बांटकर खुशी जाहिर की। इसी तरह रुआबांधा चौक हनुमान मंदिर में भी कार्यक्रम हुआ। भाजपा के पूर्व मंत्री विष्णु पाठक ने श्री पांडेय के राजनीति के 4 दशक की यात्रा में भिलाई के चहुंमुखी विकास से अवगत कराया। इसके अलावा बीएसपी आफिसर्स एसोसिएशन के महासचिव अंकुर मिश्रा, कोषाध्यक्ष सौभाग्य रंजन साहू, पूर्व सचिव कृष्णानंद राय, ज्योतिश शर्मा आदि ने भी वरिष्ठ भाजपा नेता श्री पांडेय के जन्मदिन पर मिलकर शुभकमानएं दीं।

### साव समाज सहित आधा दर्जन संगठनों ने किया सम्मान

पूर्व मंत्री श्री पांडेय के जन्मदिवस पर कुष्ठाश्रम में खुर्सीपार मंडल द्वारा भोजन वितरण किया गया। खुर्सीपार में ही पार्षद पीयूष मिश्रा के आयोजन में सुंदरकांड पाठ विशाल भंडारा का आयोजन हुआ। श्री पांडेय ने यहां दो उद्यानों का लोकार्पण भी किया। इसके अलावा आम्रपाली वनांचल सिटी वैशालीनगर में नागरिकों और अमित इंटरनेशनल होटल में साव समाज द्वारा भी श्री पांडेय के सम्मान में कार्यक्रम आयोजित कर उन्हें शुभकामनाएं दी गईं। पूर्व में सेक्टर नौ निवास पर कार्यकर्ताओं व शुभचिंतकों ने केक काटकर उन्हें बधाई दी। विभिन्न कार्यक्रमों में श्री पांडेय ने विकास के लिए शहरवासियों की सेवा करते रहने रहने के संकल्प को दोहराया।

### सेल की बैठक में धार्मिक व सामाजिक संस्थाओं का होगा 1 रुपए में नवीनीकरण

# 14 साल के संघर्ष बाद लीजधारियों को मिली बड़ी सफलता, पांडेय व बघेल का अभिनंदन

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

टाउनशिप के व्यवसायियों और विभिन्न संगठनों की लीज नवीनीकरण की 14 साल पुरानी बहुप्रतीक्षित मांग पूरी हो गई है। सेल ने अपनी पुरानी नीति में बदलाव लाते हुए लीज रिन्यू का रेट कम कर दिया है। इससे सैकड़ों लीजधारियों को राहत मिलेगी। लाभान्वितों ने सांसद विजय बघेल व पूर्व केबिनेट मंत्री के प्रति आभार जताया है।

सेल (स्टील अथारिटी आफ इंडिया लिमिटेड) की दिल्ली में हुई बैठक में लीज नवीनीकरण पर अहम निर्णय लिया गया। भिलाई टाउनशिप सहित सेल के सभी प्लांटों की टाउनशिप में संचालित सामाजिक, धार्मिक,शैक्षणिक और व्यापारिक संस्थाओं को इस फैसले से राहत मिलेगी। उल्लेखनीय है कि पिछले 14 साल से लीजधारी वाजिब रेट पर लीज रिन्यू शुल्क तय करने के लिए पूर्व केबिनेट मंत्री प्रेमप्रकाश पांडेय के प्रयास कर रहे थे। सेल के निर्णय में सांसद विजय बघेल व श्री पांडेय का योगदान रहा। बैठक में नवीनीकरण की समस्या के समाधान के लिए सेल को अपनी पुरानी नीति में परिवर्तन करना पड़ा। निर्णय के अनुसार धार्मिक संस्थाओं सामाजिक संगठनों के लिए लीज नवीनीकरण रेट 1 रुपए टोकन मनी तय किया जाना बताया जा रहा है। इसी तरह अन्य के लिए कुल जमीन का 10 प्रतिशत लिया जाएगा। आवास के लिए10 प्रतिशत शुल्क तय किया गया है। दुकानदारो के लिए कुल जमीन का 25 प्रतिशत नवीनीकरण शुल्क रखा गया है। अब ब्याज 18 प्रतिशत की जगह 9 प्रतिशत ही लिया जाएगा।

### व्यापारियों को 25 रुपए व ब्याज भी सिर्फ 9 प्रतिशत



### व्यापारियों ने किया प्रबंधन से जल्द अमल का आग्रह

स्टील सिटी चेंबर के अध्यक्ष ज्ञानचंद जैन ने श्री पांडेय व सांसद विजय बघेल का आभार जताते हुए कहा कि लीजधारियों के हित में लिए नवीनीकरण शुल्क में राहत के निर्णय से व्यापारियों सहित सभी आर्थिक, मानसिक परेशानी से मुक्ति मिलेगी। जैन ने बीएसपी प्रबंधन से आग्रह किया कि अब नई नीति के क्रियान्वयन में तेजी लाई जाए। छिटपुट त्रुटियों को दूर करने चेंबर से सहयोग लिया जाए। इस अवसर पर चेंबर के रामकुमार गुप्ता, दिनेश सिंघल, सुरेश रतनानी, पीयूष जैन, श्रीनिवास खेड़िया, ज्ञानचंद बाकलीवाल,करमजीत गगन, अजय दीक्षित,रामकिशन मूंदड़ा आदि व्यापारी मौजूद थे।

### सेल के निर्णय से शैक्षणिक को भी राहत

पत्रकारों से चर्चा करते हुए सांसद विजय बघेल व पूर्व मंत्री प्रेमप्रकाश पांडेय ने बताया कि लीज रिन्यू में राहत के लिए भिलाई के लीजधारी पंद्रह साल से संघर्ष कर रहे थे। सेल का निर्णय इनके लिए लाभकारी है। सामाजिक व धार्मिक संस्थाओं के भवनों का पंजीयन व लीज नवीनीकरण मात्र 1 रुपए टोकन राशि पर किया जाएगा। पुरानी नीति समाप्त होने से वर्षों से लंबित मामलों पर लगने वाला भारी ब्याज होने से स्वतह समाप्त हो जाएगा। इससे मंदिर, मस्जिद, गुरुद्धारा चर्च, सामाजिक व शैक्षणिक संस्थाओं को लाखों रुपए की राहत मिलेगी। हालांकि अब तक इस संबंध में यहां आदेश नहीं आया है लेकिन सेल के इस निर्णय पर क्रियान्वयन के लिए बीएसपी प्रबंधन को अधिकृत किया जाना बताया जा रहा है। संबंधित संस्थाओं को भुगतान की औपचारिकताओं को पूरा करने 2 साल का समय दिया जाएगा। विसंगतियों पर चर्चा करने का भी निर्देश दिया गया है। इसके लिए सीजीएम स्तर के 3 अधिकारियों को अधिृत किया जाएगा। व प्रकरणों की समीक्षा कर निर्णय के लिए सेल मुख्यालय भेजेंगे।

### मंदिर-मस्जिद, चर्च, गुरुद्वारा को लाभ : पांडेय

भिलाई स्टील सिटी चैंबर आफ कामर्स द्वारा काफी हाउस में सांसद विजय बघेल व पूर्व विधानसभा अध्यक्ष प्रेमप्रकाश पांडेय का लीज रिन्यू के निर्णय के सफलता के लिए अभिनंदन किया गया। श्री पांडेय ने कहा कि लीज नवीनीकरण शुल्क से राहत के लिए भिलाई के लोग 15 साल से संघर्ष कर रहे थे। मामले में कई बार हमने कलेक्टर व दिल्ली स्तर पर कई बार प्रयास किए। सांसद विजय बघेल के प्रयास से लीज रिन्यू में रियायत का लाभ संबंधितों को मिलेगा। श्री पांडेय ने कहा कि इससे मंदिर मस्जिद,गुरुद्धारा व चर्च सहित शैक्षणिक व संस्थाओं को राहत मिलेगी। सामाजिक व धार्मिक संस्थाओं को 1 रुपए में नवीनीकरण हो होगा। व्यवसायियों का 25 रुपए लगेगा। इससे ही बीएसपी को रुका हुआ राजस्व भी मिलेगा। उन्होंनेइसके लिए पीएम मोदी, इस्पात मंत्री कुमार स्वामीव सेल प्रबंधन के सहयोग के लिए आभार जताया।

## बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी के विरोध में बसपाइयों ने सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

बहुजन समाज पार्टी दुर्ग जिला इकाई के अध्यक्ष दीपक चंद्राकर के नेतृत्व में बसपा कार्यकर्ताओं ने राज्यपाल के नाम जिला कलेक्टर को 9 सूत्रीय मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन पत्र के माध्यम से उन्होंने कहा कि लगातार पेट्रोल डीजल की बढ़ती कीमतों से आम जनता व किसान परेशान है, जिससे आम नागरिकों की आर्थिक स्थिति को अत्यंत कमजोर कर रहा गया है। परिवहन महंगा होने से खाद्य सामग्री दैनिक उपयोग की वस्तुएं एवं अन्य आवश्यक समानों के दाम लगातार बढ़ रहे हैं।

कई क्षेत्रों में ईंधन की कमी व आपूर्ति बाधित होने की शिकायत सामने आती रही है, जिससे ग्रामीण व शहरी क्षेत्र के लोगों परेशान है गरीब मजदूर, छोटे व्यापारी तथा मध्यवर्गीय परिवारो पर इसका सीधा असर पड़ा है डीजल की बढ़ती कीमतें का सबसे अधिक प्रभाव किसानों पर पड़ रहा है। सरकारी विभागों में लम्बे समय से रिक्त पदों पर भर्ती नहीं की जा रही हैं निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर सीमित हैं। शिक्षित युवा रोजगार के अभाव में आर्थिक एवं मानसिक तनाव का सामना करना पड़ रहा है। ज्ञापन सौंपने वालों में जोन प्रभारी भूषण नादिया, कृष्ण कोसेवाड़ा, बंटी चौरे, हीरालाल टंडन, सचिन गवई, संतोष बंजारे, संजय श्यामकुवर, रामलाल दामले, एलडी मासुलकर, विजय कश्यप, शांतिलाल बंजारे, शारदा प्रसाद कोसले, जितेंद्र रंगारी, महेंद्र चौहान, चैन सिंह धृतलहरे, संतराम भारती, बीसी पटेला, दिनेश शिंदे व अन्य कार्यकर्ता शामिल थे।

### गैस सिलेंडर महंगा, जनता को हो रही परेशानी



**सेलूद।** घरेलू एलपीजी सिलिंडर की कीमत में 29 रुपये की बढ़ोतरी पर जिला कांग्रेस कमेटी दुर्ग (ग्रामीण ) के सचिव लोचन यादव ने केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि महंगाई की आग अब हर घर और हर रसोई तक पहुंच चुकी है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार महंगाई पर नियंत्रण करने में पूरी तरह विफल साबित हुई है, जिसका खामियाजा आम जनता को भुगतना पड़ रहा है। लोचन यादव ने कहा कि पिछले तीन महीनों में दूसरी बार घरेलू गैस सिलेंडर के दाम बढ़ाए गए हैं।

## भगवान बलराम की पूजा के साथ खरीफ सीजन की शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

पाटन क्षेत्र में खरीफ फसल सीजन की तैयारियां तेज हो गई हैं। किसानों ने भगवान बलराम की पूजा-अर्चना कर खेती-किसानी कार्यों का

- **मौसम विभाग द्वारा इस वर्ष अच्छे मानसून के संकेत मिलने से किसानों में उत्साह**

शुभारंभ किया। गांवों में धान की नर्सरी (थरहा) तैयार करने के लिए धान बीज का छिड़काव शुरू हो गया है, वहीं कई किसान धान की बोनी भी प्रारंभ कर चुके हैं। मौसम विभाग द्वारा इस वर्ष अच्छे मानसून के संकेत मिलने से किसानों में उत्साह का माहौल है। समय पर बारिश की उम्मीद



के चलते खेतों में कृषि गतिविधियां बढ़ गई हैं और किसान पूरे जोश के साथ खरीफ फसल की तैयारी में जुटे हुए हैं। ग्राम बठेना के प्रगतिशील कृषक सुनील वर्मा ने अपने खेत में भगवान बलराम की पूजा-अर्चना कर खेती कार्य का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने अच्छी वर्षा और बेहतर उत्पादन की कामना करते हुए धान की नर्सरी तैयार करने का कार्य शुरू किया। किसानों का कहना है कि सरकार द्वारा धान का समर्थन मूल्य बढ़ाए जाने के बाद धान की खेती के प्रति उनका रुझान और बढ़ा है। बेहतर मूल्य मिलने की उम्मीद से किसान अधिक क्षेत्र में धान की खेती करने की योजना बना रहे हैं। क्षेत्र के कृषि जानकारों के अनुसार यदि मानसून सामान्य रहता है तो इस वर्ष धान उत्पादन में वृद्धि होने की संभावना है। खेती की शुरुआत के साथ ही ग्रामीण अंचलों में एक बार फिर खेत-खलिहानों की रौनक लौट आई है।

### चखना सेंटरों की आबकारी विभाग करेगा जांच

**भिलाई।** शराब दुकान के आसपास चल रहे अवैध चखना सेंटरो को लेकर जिले का अबकारी अमला ने गंभीरता से लेते हुए जांच कर कार्रवाई करने का मन बना लिया है। जिले में सैकड़ों की संख्या में चखना सेंटर अवैध रूप से संचालित है। इसे लेकर आबकारी अमला ठेका खोमचों का लिस्टिंग करना शुरू कर दिया है। नेहरु नगर, भिलाई तीन, कुम्हारी, सुपेला, पाटन, रिसाली, धनोरा, दुर्ग, रसमड़ा में लग रहे अवैध चखना सेंटर की जांच होना है।

## कार्यकर्ताओं ने चरोदा मंडल में किया पौधरोपण

**भिलाई।** पीएम नरेन्द्र मोदी के 12 वर्ष के सफल कार्यकाल होने पर चरोदा मंडल अध्यक्ष ए गौरी शंकर के नेतृत्व में विधायक राज महंत डोमनलाल कोसेवाड़ा के जनसंपर्क अभियान के तहत सतनाम भवन चरोदा बस्ती में एक पेड़ मां के नाम से पौध रोपण किया। इस दौरान जैतखाम सतनाम भवन में स्वच्छता अभियान के तहत सफाई की गई। प्रगति पथ निर्माणधीन मिनी स्टेडियम चरोदा का भी अवलोकन किया गया। कार्यक्रम में राज मखीजा, रामानंद जांगड़े, मनोज ओझा, प्रवक्ता प्रेमलाल साहू, पूर्व नपा अध्यक्ष शशिकांत बघेल जी विधायक ,विधायक प्रतिनिधि सतीश साहू ,चंद्र प्रकाश पांडे, पूर्णिमा ठाकुर राजेश मौर्य, सुजाता डोंगरे, पूनम



श्रीवास्तव, के के शर्मा, बलजीत कौर समेत अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

## सार्वजनिक संपत्तियों पर बैनर-पोस्टर लगाने वाली पांच संस्थाओं को नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

शहर में बिजली खंभों, पेड़ों और सार्वजनिक संपत्तियों मे बैनर-पोस्टर या अन्य माध्यमों से बिना अनुमति विज्ञापन लगाने वालों की अब खैर नहीं है। ऐसे सारे लोगों पर निगम कार्रवाई करेगा। आयुक्त सुमित अग्रवाल के निर्देश पर बाजार विभाग द्वारा शहर के विभिन्न क्षेत्रों में विशेष निरीक्षण अभियान चलाया गया। निरीक्षण के दौरान कई स्थानों पर बिजली के खंभों, पेड़ों तथा सार्वजनिक संपत्तियों पर बिना अनुमति होर्डिंग एवं प्रचार सामग्री लगाकर विज्ञापन किए जाने के मामले सामने आए। निरीक्षण में पाया गया कि विभिन्न क्षेत्रों में बिजली के खंभों एवं पोलों पर डॉ. सुशांत कुमार (मस्तिष्क एवं नस रोग विशेषज्ञ) तथा डॉ. प्रशांत कुमार (मस्तिष्क एवं नस रोग विशेषज्ञ) के होर्डिंग बोर्ड लगाकर प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। इसके अलावा शहर के उद्यानों की दीवारों पर भी प्रचार सामग्री चस्पा कर सार्वजनिक संपत्तियों का उपयोग विज्ञापन के लिए किया जा रहा था। जांच के दौरान पेड़ों पर विद्यापीठ, भिलाई द्वारा एडमिशन ओपन संबंधी होर्डिंग तथा बिजली के खंभों पर वेदांतु के नीट एवं आईआईटी-जेईई कोचिंग संबंधी विज्ञापन भी लगाए गए पाए गए। निगम अधिकारियों ने इसे नगर निगम के नियमों का उल्लंघन मानते हुए संबंधित संस्थानों एवं व्यक्तियों के विरुद्ध कार्रवाई की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी है। मौका निरीक्षण के बाद पांच संस्थाओं को 50 हजार रुपए का जुर्माना नोटिस जारी किया गया है। अग्रवाल ने कहा कि शहर की सुंदरता एवं स्वच्छता बनाए रखने के लिए सार्वजनिक स्थलों, बिजली खंभों, पेड़ों एवं शासकीय संपत्तियों पर बिना अनुमति विज्ञापन सामग्री लगाने वालों के विरुद्ध लगातार अभियान चलाया जाएगा।

## सड़क हादसे में चालक की मौत



**भिलाई।** सड़क हादसे में वाहन चालक की मौत हो गई। घटना मंगलवार की है। जेवरा सिरसा पुलिस ने बताया कि ग्राम समोदा वार्ड 11 निवासी चेतन लाल साहू भटगांव मोबाइल रिपेयर कराने और घरेलू सामान खरीदने गया था। शाम को घर वापस लौटते समय भटगांव और जेवरा के बीच पीछे से आ रहे अज्ञात वाहन ने बाइक को जोरदार ठोकर मार दी। हादसे में बाइक सवार चेतन की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक चेतन कुमार साहू पेशे से वाहन चालक था। परिवार के मुख्य कमाने वाले मृतक था। परिवार में पत्नी, दो बेटियां और एक बेटा है। खबर लगने पर परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। बताया गया कि दो साल पहले चेतन के सबसे छोटे भाई की भी कोंटा-सुकमा मार्ग पर सड़क हादसे में मौत हो गई थी। अब दूसरे बेटे की मौत से परिवार गहरे सदमे में है।

### रवेली की जमीनों की खरीदी-बिक्री पर प्रतिबंध

**दुर्ग।** अचानकपुर जलाशय परियोजना के अंतर्गत ग्राम रवेली पाटन की चिन्हित भूमि पर जमीन संबंधी लेनदेन पर अस्थायी प्रतिबंध लगाया गया है। अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) एवं भू-अर्जन अधिकारी, पाटन के पत्र के आधार पर छत्तीसगढ़ शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के निर्देशों के परिपालन में यह आदेश जारी किया गया है। आदेशानुसार ग्राम रवेली स्थित खसरा नंबर 644, 645, 646, 650, 651/1, 651/2, 654, 656, 658, 671/2, 671/3, 672, 673/1 एवं 673/2 की भूमि पर खरीदी-बिक्री, डायवर्सन, बटांकन पर रोक रहेगी।

## पेज 11 के शेष

### 28 जून से जिले में राष्ट्रीय...

उन्होंने बताया कि विकासखण्डवार लक्ष्य के अनुसार बेमेतरा में 26,776, साजा में 22,074, नवागढ़ में 25,009 तथा बेरला में 22,230 बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई जाएगी। अभियान के दौरान पहुंचविहीन क्षेत्रों, ईंट भट्ठों, मेला-बाजारों, घुमंतू परिवारों तथा मलीन बस्तियों में विशेष मोबाइल टीमों के माध्यम से बच्चों का चिन्हांकन कर उन्हें पोलियो की दवा पिलाई जाएगी, ताकि कोई भी बच्चा अभियान से वंचित न रहे। जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. शरद कोहाड़े ने बताया कि अभियान की सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। सेक्टर एवं मैदानी स्तर पर कार्यरत स्वास्थ्य कर्मियों को प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। अभियान के सफल संचालन हेतु स्वास्थ्य विभाग के साथ-साथ जिला प्रशासन, महिला एवं बाल विकास विभाग, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, शिक्षा विभाग तथा मितानिन कार्यक्रम का सहयोग लिया जाएगा। कलेक्टर सुश्री प्रतिष्ठा ममगाईं ने जिले के सभी अभिभावकों से अपील करते हुए कहा है कि वे अपने शून्य से 5 वर्ष तक के बच्चों को 28 जून को निकटतम पोलियो बूथ में ले जाकर पोलियो की दो बूंद अवश्य पिलाएं। उन्होंने कहा कि पोलियो मुक्त भारत की उपलब्धि को बनाए रखने के लिए समाज के प्रत्येक नागरिक की सहभागिता आवश्यक है। सभी के सहयोग से ही पोलियो जैसी बीमारी को पुनः प्रवेश करने से रोका जा सकता है। जिला प्रशासन ने जिले के जनप्रतिनिधियों से भी अभियान में सक्रिय सहभागिता एवं गरिमामयी उपस्थिति प्रदान कर इसे सफल बनाने का आग्रह किया है। साथ ही मीडिया प्रतिनिधियों से अभियान का व्यापक प्रचार-प्रसार कर जनजागरूकता बढ़ाने में सहयोग देने की अपील की गई है।

### 79.32 लाख रुपए, लागत...

देगा। इससे अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बेहतर कार्य वातावरण मिलेगा, वहीं आम नागरिकों को भी त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण सेवाओं का लाभ प्राप्त होगा। विधायक साहू ने कहा कि बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र में सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल तथा प्रशासनिक अधोसंरचना सहित विभिन्न क्षेत्रों में विकास कार्य निरंतर गति से आगे बढ़ रहे हैं। प्रदेश सरकार का उद्देश्य विकास का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना और प्रत्येक क्षेत्र में बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना है।

**जवानों ने रखीं समस्याएं, विधायक ने दिया समाधान का आश्वासन:** कार्यक्रम के दौरान नगर सेना के जवानों ने आवासीय परिसर में पेयजल, विद्युत व्यवस्था, सड़क, स्ट्रीट लाइट एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं से संबंधित समस्याओं से विधायक को अवगत कराया। विधायक दीपेश साहू ने इन मांगों पर तत्काल संज्ञान लेते हुए संबंधित समस्याओं के शीघ्र निराकरण के लिए आवश्यक पहल करने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि प्राथमिकता के आधार पर आवश्यक कार्यों को चरणबद्ध तरीके से पूरा कराया जाएगा। इस अवसर पर लोक निर्माण विभाग के एसडीओ राजेश बाजपेयी, इंजीनियर बी.आर. मरकाम, नागेंद्र कुमार सिन्हा, अखिलेश परासर, भुनेश्वर प्रसाद, राजेंद्र पाण्डेय, आशुतोष शुक्ला सहित नगर सेना एवं अग्निशमन विभाग के अधिकारी-कर्मचारी तथा जवान बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित अतिथियों एवं जनप्रतिनिधियों ने निर्माण कार्य के सफल, गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध संपादन की शुभकामनाएं व्यक्त कीं।

### नए शैक्षणिक सत्र की तैयारी...

विशेषज्ञ शिक्षकों की अलग कोर टीम गठित की जाए। ये टीमें शैक्षणिक गतिविधियों की नियमित समीक्षा करते हुए एक व्यवस्थित शैक्षणिक कैलेंडर एवं कार्ययोजना तैयार करेंगी, जिससे पूरे जिले में शिक्षण कार्य समान रूप से संचालित हो सके। कलेक्टर ने विद्यार्थियों की प्रगति का नियमित आकलन सुनिश्चित करने के लिए प्रत्येक शनिवार यूनिट टेस्ट आयोजित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इससे विद्यार्थियों की सीखने की क्षमता का मूल्यांकन होगा तथा कमजोर विषयों की पहचान कर समय रहते सुधारात्मक कदम उठाए जा सकेंगे।

**शाला प्रवेश उत्सव की तैयारियां समय पर पूर्ण करने के निर्देश:** बैठक में कलेक्टर ने आगामी शाला प्रवेश उत्सव की तैयारियों की भी समीक्षा की। उन्होंने शिक्षा विभाग के अधिकारियों से विद्यालयों में प्रवेश प्रक्रिया, पाठ्यपुस्तकों की उपलब्धता, गणवेश वितरण, पेयजल, स्वच्छता, बिजली एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने निर्देश दिए कि शाला प्रवेश उत्सव को उत्साहपूर्ण एवं प्रभावी ढंग से आयोजित किया जाए तथा सभी आवश्यक तैयारियां निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूर्ण कर ली जाएं। विशेष रूप से यह सुनिश्चित किया जाए कि नए प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों का विद्यालयों में स्वागत सकारात्मक वातावरण में हो तथा कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे।

## खबर संक्षेप

### बहुजन समाज पार्टी की जिला इकाइयों का गठन



**कवर्धा।** बहुजन समाज पार्टी छत्तीसगढ़ प्रदेश कार्यालय द्वारा प्रदेशाध्यक्ष के निर्देशानुसार पूरे प्रदेश में संगठन की समीक्षा की जा रही है। इसी क्रम में बेमेतरा एवं कबीरधाम (कवर्धा) जिला इकाइयों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। प्रभारी भूषण नादिया एवं उपस्थित कार्यकर्ताओं की सहमति से नई जिला कार्यकारिणी का गठन किया गया। बेमेतरा जिले के जिलाध्यक्ष पद पर नैनदास गायकवाड़ तथा कबीरधाम (कवर्धा) जिले के जिलाध्यक्ष पद पर शशीकपूर बंजारे को नियुक्त किया गया। पार्टी ने दोनों नव-नियुक्त पदाधिकारियों के उज्जवल भविष्य की कामना की है तथा जिला कार्यकारिणी की सूची शीघ्र प्रदेश कार्यालय में जमा करने के निर्देश दिए।

### 17 जून को कवर्धा में लगेगा रोजगार मेला

**कवर्धा।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र द्वारा 17 जून को रोजगार मेला काली माता मंदिर के पास ठाकुर पारा स्थित जिला रोजगार कार्यालय परिसर में लगेगा। मेले में तकनीकी और गैर-तकनीकी पदों पर भर्ती होगी।

**समारोह:** पदभार ग्रहण में समर्थकों ने फूल-मालाओं से स्वागत किया

# सरिता मिश्रा ने संभाली नपं लोहारा अध्यक्ष की जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जिले की सहसपुर लोहारा नगर पंचायत में हुए उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी सरिता मिश्रा ने बंपर जीत दर्ज करने के बाद गुरुवार को अध्यक्ष पद की शपथ लेकर विधिवत पदभार ग्रहण किया। इस दौरान भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित थें।

शपथ ग्रहण एवं पदभार ग्रहण समारोह के दौरान समर्थकों ने सरिता मिश्रा का फूल-मालाओं से स्वागत किया और उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि तथा नगर के गणमान्य नागरिक उपस्थित थें। नगरवासियों को उम्मीद है कि सरिता मिश्रा अपने दिवंगत पति के अधूरे सपनों को साकार करते हुए नगर विकास की नई दिशा तय करेंगी।

नगर पंचायत अध्यक्ष पद स्व. संतोष मिश्रा के निधन के बाद रिक्त हुआ था। भाजपा ने उनकी पत्नी सरिता मिश्रा को प्रत्याशी बनाया था, जिन्हें जनता का व्यापक समर्थन मिला और उन्होंने शानदार जीत हासिल की। शपथ एवं पदभार ग्रहण समारोह के दौरान सरिता मिश्रा अपने दिवंगत पति को याद कर भावुक हो गईं। पति के सपनों को साकार करने का लिया संकल्प पदभार ग्रहण करने के बाद सरिता मिश्रा ने कहा कि स्व. संतोष मिश्रा ने नगर के विकास के लिए कई योजनाएं बनाई थीं और अनेक कार्यों की शुरुआत भी की थी, लेकिन उनके असमय निधन से कई योजनाएं अधूरी रह गईं। उन्होंने कहा कि वे अपने पति के अधूरे सपनों को पूरा करने और नगर के विकास को नई गति देने के लिए पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी से कार्य करेंगी। उन्होंने नगरवासियों का आभार जताते हुए कहा कि जनता ने उन पर जो विश्वास व्यक्त किया है, उस पर खरा उतरना उनकी पहली प्राथमिकता होगी। इस दौरान राजेन्द्र चंद्रवंशी, ईश्वरी साहू, रामकुमार भट्ट, सियाराम साहू, जसविंदर बग्गा, मुकेश ठाकुर सहित पदाधिकारी गण उपस्थित थें।



**यह पूरे नगर की जीत : सरिता**

सरिता मिश्रा ने अपनी जीत का श्रेय भाजपा नेतृत्व, कार्यकर्ताओं और नगर की जनता को देते हुए कहा कि यह केवल उनकी व्यक्तिगत जीत नहीं, बल्कि पूरे नगर की जीत है। उन्होंने कहा कि सभी के सहयोग और आशीर्वाद से विकास के कार्यों को आगे बढ़ाया जाएगा। वहीं चुनाव संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले भाजपा नेता गोपाल साहू ने भी पार्टी के वरिष्ठ नेताओं, कार्यकर्ताओं और मतदाताओं का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि शीर्ष नेतृत्व के मार्गदर्शन, कार्यकर्ताओं की मेहनत और जनता के विश्वास से यह सफलता संभव हुई है।

# प्यास बुझाने बनाई क्षेत्र की नल जल पानी टंकियां बनीं शोपीस

## ग्रामीणों को नहीं मिल रहा शुद्ध पेजयल, बढ़ी परेशानियां



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया क्षेत्र में जल जीवन मिशन के तहत करोड़ों रुपए की लागत से बनाई गई, पानी टंकियां ग्रामीणों की प्यास बुझाने के बजाय शोपीस बनकर रह गई हैं। गांवों में पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से निर्मित इन टंकियों से आज तक कई स्थानों पर एक बूंद पानी भी ग्रामीणों को नहीं मिल पाया है। इससे ग्रामीणों में भारी नाराजगी देखी जा रही है।

ग्रामीणों का कहना है कि शासन द्वारा करोड़ों रुपए खर्च कर पानी टंकियों का निर्माण कराया गया, लेकिन अधिकांश योजनाएं शुरू ही नहीं हो सकीं। कई स्थानों पर टंकियां बनकर तैयार हैं, फिर भी जलापूर्ति नहीं हो रही है, जबकि कुछ जगहों पर निर्माण कार्य अधूरा छोड़ दिया गया है। सुशासन तिहार के दौरान भी ग्रामीणों ने पेयजल संकट का मुद्दा प्रमुखता से उठाया। लोगों ने अधिकारियों के समक्ष शिकायत करते हुए बताया कि नल-जल योजना के तहत बनाई गई पानी टंकियां केवल देखने के लिए खड़ी हैं, लेकिन गांवों तक पानी नहीं पहुंच रहा है। इसके कारण लोगों को आज भी पेयजल के लिए भटकना पड़ रहा है।

पंडरिया विधानसभा क्षेत्र के ग्राम कुण्डा, दामापुर, कोलेगांव, सोढ़ा, अंधियारखोर, अमली-मालगी, कुआंमालगी, पथरी, भटरूसे, कंझेटी, बसनी, भगतपुर, धनेली, कंझेटा, पीपरमाटी, निगापुर और महुआमड़वा सहित अनेक गांवों में पानी टंकियों की स्थिति चर्चा का विषय बनी हुई है। कहीं टंकियां पूरी तरह बंद पड़ी हैं तो कहीं जलापूर्ति व्यवस्था अधूरी है। कई गांवों में पूरे क्षेत्र को नियमित पानी सप्लाई नहीं मिल पा रही है।

**बंद पड़ी योजनाओं को जल्द चालू कराए जाने की अपील**

ग्रामीणों का आरोप है कि आम नागरिकों की सुविधा के लिए खर्च की गई बड़ी राशि का अपेक्षित लाभ लोगों तक नहीं पहुंच रहा है। जल जीवन मिशन जैसी महत्वाकांक्षी योजना का लाभ ग्रामीणों को मिलने के बजाय वे आज भी पेयजल संकट से जूझ रहे हैं। सुशासन तिहार के दौरान अंधियारखोर सहित विभिन्न गांवों में इस मुद्दे को लेकर ग्रामीणों और अधिकारियों के बीच चर्चा भी हुई।
ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि बंद पड़ी योजनाओं को जल्द चालू कराया जाए तथा अधूरे कार्यों को पूरा कर प्रत्येक घर तक नियमित पेयजल उपलब्ध कराया जाए, ताकि योजना का वास्तविक लाभ आम जनता को मिल सके।

# कालिका धाम हरिद्वार में पूज्य गुरुदेव का मिला स्नेह व सम्मान



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

अनंत विभूति, श्रीश्री 1008, आचार्य महामंडलेश्वर, कालिका पीठाधीश्वर कैलाशानंद गिरि महाराज से विश्वगुरु शंकराचार्य दशनाम गोस्वामी समाज छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष महंत श्रवण गिरी गोस्वामी ने देवभूमि उत्तराखंड स्थित निरंजनी अखाड़ा, कालिका पीठ हरिद्वार में सौजन्य भेंट की। इस अवसर पर महंत श्रवण गिरी गोस्वामी ने श्रीफल, भगवा अंगवस्त्र एवं दक्षिणा अर्पित कर गुलाब की माला से गुरुदेव का स्वागत किया।

वहीं गुरुदेव ने भी महंत श्रवण गिरी गोस्वामी का श्रीफल एवं भगवा अंगवस्त्र प्रदान कर सम्मान किया तथा अपना स्नेह और आशीर्वाद प्रदान किया। भेंट के दौरान छत्तीसगढ़, विशेषकर कबीरधाम जिले के धार्मिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक विषयों पर विस्तार से चर्चा हुई। गुरुदेव ने समाज में धर्म, संस्कार और आध्यात्मिक चेतना के प्रसार हेतु निरंतर कार्य करने का संदेश दिया।

संक्षिप्त आध्यात्मिक प्रवचन में महाराज ने कहा कि ईश्वर की प्राप्ति के लिए मन, हृदय और विचारों का स्वच्छ एवं निर्मल होना आवश्यक है। व्यक्ति को सदैव प्रेम, सेवा, करुणा, सदाचार और सकारात्मक सोच के साथ जीवन जीना चाहिए। जब मनुष्य अहंकार, ईर्ष्या और द्वेष से दूर रहकर सत्कर्म करता है, तब वह ईश्वर के और अधिक निकट पहुंचता है। वहीं गुरुदेव के प्रेरणादायी वचनों एवं आशीर्वाद से उपस्थित श्रद्धालु भावविभोर हो उठे।

# 6 माह से नहीं मिली पेंशन, देवा सोनवानी ने लगाई मदद की गुहार

- कई महीनों से पेंशन नहीं मिलने से आर्थिक स्थिति लगातार बिगड़ती जा रही है।



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया के ग्राम कंझेटा निवासी दिव्यांग देवा सोनवानी ने आरोप लगाया है कि उन्हें पिछले 5 से 6 माह से दिव्यांग पेंशन नहीं मिली है। पेंशन राशि नहीं मिलने के कारण उन्हें अपने दैनिक जीवन और घरेलू खर्चों को चलाने में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

देवा सोनवानी ने बताया कि वे दिव्यांग हैं और सामान्य लोगों की तरह मजदूरी या अन्य कार्य करने में सक्षम नहीं हैं। उनका आवागमन भी व्हीलचेयर एवं अन्य सहारे पर निर्भर है। ऐसे में सरकार द्वारा मिलने वाली पेंशन ही उनके जीवन-यापन का प्रमुख साधन है। इसी राशि से वे घरेलू खर्च, दवाइयों और आवश्यक सामान की व्यवस्था करते हैं।

उन्होंने कहा कि पिछले कई महीनों से पेंशन नहीं मिलने के कारण आर्थिक स्थिति लगातार बिगड़ती जा रही है। घर का खर्च चलाने के लिए उन्हें इधर-उधर से उधार लेना पड़ रहा है। पेंशन बंद होने से उनके सामने रोजमर्रा की जरूरतों को पूरा करना भी मुश्किल हो गया है। देवा सोनवानी का कहना है कि शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का उद्देश्य जरूरतमंद लोगों को सहायता पहुंचाना है, लेकिन जब समय पर पेंशन नहीं मिलती तो दिव्यांगजनों को गंभीर परेशानियों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने बताया कि उनके जैसे कई अन्य दिव्यांग भी पेंशन के भरोसे अपना जीवन यापन करते हैं और परिवार का पालन-पोषण करते हैं।

जिस पर उन्होंने शासन-प्रशासन से मांग की है कि लंबित पेंशन राशि का शीघ्र भुगतान किया जाए तथा नियमित रूप से पेंशन उपलब्ध कराई जाए, ताकि दिव्यांगजन सम्मानपूर्वक अपना जीवन यापन कर सकें। ग्रामीणों ने भी प्रशासन से इस मामले में संवेदनशीलता दिखाते हुए जल्द समाधान करने की मांग की है।

### पीएम के नेतृत्व के 12 वर्ष पूर्ण, अजा मोर्चा ने गुरुद्वारा में किया चौका आरती



**कवर्धा।** भारत के यशस्वी एवं दूरदर्शी प्रधानमंत्री के अगुवाई में केंद्र सरकार के गौरवपूर्ण 12 वर्ष पूर्ण होने तथा लगातार लंबे समय तक देश को अपना सेवा देने वाले निर्वाचित प्रधानमंत्री बनने के ऐतिहासिक उपलब्धि पर जिला भारतीय जनता पार्टी अजा मोर्चा के कार्यकर्ताओं द्वारा कबीरधाम जिले में विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। प्रदेश भाजपा अजा मोर्चा नेतृत्व के आह्वान पर भाजपा जिला अध्यक्ष राजेंद्र चंद्रवंशी के निर्देशानुसार जिला भाजपा अजा मोर्चा के जिला अध्यक्ष एवं जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि महेंद्र धृतलहरे के नेतृत्व में गत दिनों बुधवार को जिला मुख्यालय कबीरधाम के मिनी माता चौक स्थित गुरुद्वारा में चौका आरती एवं व्यापक स्वच्छता चलाया गया तथा देश के सुख समृद्धि और जनकल्याण के लिए विशेष पूजा अर्चना की गई। कार्यक्रम की शुरुवात मिनीमाता चौक में स्वच्छता से हुई जिसमें अजा मोर्चा के पदाधिकारी जनप्रतिनिधियो कार्यकर्ताओं ने सक्रिय सहभागिता निभाई एवं महाआरती का आयोजन कर राष्ट्र की उन्नति नागरिकों के स्वास्थ्य समृद्धि और देश की उज्जवल भविष्य की कामना की गई। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष अजा मोर्चा महेंद्र धृतलहरे ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में विकास सुशासन जनहित और आत्मनिर्भर के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां प्राप्त की है।

# वीर शहीदों एवं स्वतंत्रता सेनानियों को भावभीनी पुष्पांजलि अर्पित की




हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

स्वतंत्रता संग्राम सेनानी उत्तराधिकारी संस्था द्वारा भारत माता चौक में आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम में स्वतंत्रता सेनानी स्व. हजारी लाल जैन के योगदान को स्मरण किया गया। संस्था के उपाध्यक्ष इंजीनियर एसएस जैन ने बताया कि उनके पिता स्व. हजारी लाल जैन ने मात्र 12 वर्ष की आयु में अंग्रेजों के खिलाफ नारे लगाए, जिसके कारण उन्हें जेल जाना पड़ा। इसके बावजूद उन्होंने स्वतंत्रता आंदोलन में सक्रिय भूमिका निभाई और कई बार यातनाएं भी सहीं। उन्होंने बताया कि वर्ष 1933 में धमतरी क्षेत्र के असहयोग आंदोलन के दौरान स्व. हजारी लाल जैन को महात्मा गांधी की कार चलाने का अवसर मिला। उन्होंने गांधी को धमतरी से बिलासपुर तक विभिन्न स्थानों के दौरे में वाहन चलाकर सहयोग दिया था।
कार्यक्रम में भारत माता, वीर शहीदों एवं स्वतंत्रता सेनानियों को पुष्पांजलि अर्पित की गई। संस्था के अध्यक्ष डॉ नरेश कुमार यदु ने स्व. हजारी लाल जैन के जीवन से प्रेरणा लेने का आह्वान किया।

# रुखमणी विवाह प्रसंग में भाव-विभोर हुए श्रद्धालु



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

शिक्षक कॉलोनी निवासी सेवानिवृत्त शिक्षक रामाधार सिंह ठाकुर के निज निवास में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा में गुरूवार को रूखमणी विवाह प्रसंग का भावपूर्ण वर्णन किया गया। कथा व्यास आचार्य पंडित रमाकांत शुक्ला ने भगवान श्रीकृष्ण और माता रूखमणी के दिव्य विवाह की कथा का विस्तार से वर्णन करते हुए श्रद्धालुओं को भक्ति, प्रेम और समर्पण का संदेश दिया।

आचार्य शुक्ला ने कहा कि माता रूखमणी की अटूट श्रद्धा और भगवान श्रीकृष्ण के प्रति समर्पण ही उन्हें भगवान का सान्निध्य दिलाने का कारण बना। रूखमणी विवाह प्रसंग भक्त और भगवान के बीच अटूट विश्वास तथा सच्ची भक्ति का प्रतीक है। कथा के दौरान उन्होंने प्रसंग से जुड़े विभिन्न आध्यात्मिक पहलुओं को सरल एवं रोचक शैली में प्रस्तुत किया, जिससे श्रद्धालु मंत्रमुग्ध होकर कथा श्रवण करते रहे।

संगीतमय भागवत कथा का शिक्षक कॉलोनी सहित आसपास के क्षेत्र के श्रद्धालु प्रतिदिन बड़ी संख्या में आनंद ले रहे हैं। रूखमणी विवाह प्रसंग के अवसर पर आकर्षक झांकी भी निकाली गई, जिसमें श्रद्धालु भक्ति गीतों पर नाचते-गाते हुए शामिल हुए। विवाह उत्सव का वातावरण देखते ही बन रहा था और उपस्थित श्रद्धालु भाव-विभोर हो गए।

कथा आयोजन वरिष्ठ पत्रकार अविनाश ठाकुर के निज निवास में आयोजित किया जा रहा है। वहीं प्रतिदिन दोपहर से हरि इच्छा तक आयोजित इस भागवत कथा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचकर धर्मलाभ प्राप्त कर रहे हैं। शिक्षक कॉलोनी वासियों ने भी कथा का श्रवण कर रूखमणी विवाह प्रसंग का आनंद लिया।

अध्यक्ष पद के मुकाबले में 110 मत प्राप्त कर जीत हासिल की

# अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष बने पोखराज सिंह



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जिला न्यायालय स्थित बार रूम में 10 जून को अधिवक्ता संघ कबीरधाम का चुनाव शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। निर्वाचन प्रक्रिया मुख्य निर्वाचन अधिकारी अधिवक्ता चंद्रशेखर ठाकुर एवं सहायक निर्वाचन अधिकारी अधिवक्ता तारकेश्वर जायसवाल की देखरेख में संपन्न कराई गई। मतगणना के बाद विजयी प्रत्याशियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। चुनाव में कुल 180 मतदाता पंजीकृत थे, जिनमें से 172 अधिवक्ताओं ने मतदान किया।

अध्यक्ष पद के लिए हुए मुकाबले में पोखराज सिंह परिहार ने 110 मत प्राप्त कर जीत हासिल की, जबकि प्रकाश चंद्रवंशी को 62 मत मिले। उपाध्यक्ष पद पर पुरुषोत्तम नाथ योगी 93 मत प्राप्त कर निर्वाचित हुए। उनके प्रतिद्वंद्वी राजेश पाठक को 79 मत मिले। सचिव पद के लिए लक्ष्मी नारायण तिवारी ने 113 मत हासिल कर विजय प्राप्त की, जबकि राजेश शुक्ला को 59 मत मिले। सह सचिव पद पर प्रकाश चंद्रवंशी ने 101 मत प्राप्त कर जीत दर्ज की। विष्णु चंद्रवंशी को 68 मत मिले, जबकि 3 मत नोटा के पक्ष में पड़े। कोषाध्यक्ष पद पर सुरेश तिवारी 93 मतों के साथ निर्वाचित हुए। उनके निकटतम प्रतिद्वंद्वी जलेश्वर साहू को 78 मत मिले तथा 1 मत नोटा को प्राप्त हुआ। ग्रंथपाल पद पर चंद्रप्रताप राजपूत ने 98 मत प्राप्त कर जीत दर्ज की, जबकि अतीत परिहार को 73 मत मिले। क्रीड़ा सचिव पद पर मुकेश कौशिक ने 121 मत हासिल कर विजय प्राप्त की। उनके प्रतिद्वंद्वी अतीत परिहार को 51 मत मिले। वहीं महिला उपाध्यक्ष पद पर सविता अवस्थी एवं सह सचिव पद पर उज्जवला सिंह निर्विरोध निर्वाचित घोषित की गईं। निर्वाचन अधिकारियों की सहमति से अधिवक्ता लक्ष्मी नारायण तिवारी ने चुनाव परिणामों की जानकारी दी। चुनाव परिणाम घोषित होने के बाद अधिवक्ताओं ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई देते हुए संघ के हित में बेहतर कार्य करने की अपेक्षा व्यक्त की।

### प्री-मानसून के पहले अब किसान धान की ओनारी व बुवाई का कार्य किया शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरबसपुर

बंगाल की खाड़ी पर धीरे-धीरे अब दबाव होने के कारण लगातार बादल छाए हुए हैं, कभी तापमान अधिक तो कभी तापमान कम होने लगा है जिनके कारण से जिले में आंधी तूफान के साथ बारिश होने लगता है तो कभी अचानक तापमान बढ़ जाता है, ऐसा उतार-चढ़ाव जिले में नजारा दिखाई दे रही है। इस कारण से कवर्धा विकासखंड के ग्राम सारंगपुर खुर्द के किसान महादेव ठाकुर ने इन समय अपनी तीन एकड़ खेतों में देशी सरना धान की ट्रैक्टर के माध्यम से ओनारी कर बुवाई का कार्य शुरू कर दी गई, अब किसान बोर के सहारे खेतों में पानी डालने जुटे हुए है।







विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

खबर संक्षेप

## भागवत कथा में कंस वध, उद्धव संदेश और रुक्मिणी विवाह प्रसंग का हुआ भावपूर्ण वर्णन



**साजा।** भागवत कथा के छठवें दिन पं श्री सत्येन्द्र कृष्ण जी महाराज द्वारा मथुरा गमन, कंस वध, उद्धव संदेश, रुक्मिणी विवाह तथा द्वारका की लीलाओं का वर्णन किया गया। कृष्ण और बलराम, अक्रूर के साथ मथुरा पहुंचे। ब्रजवासियों और गोपियों का विरह अत्यंत मार्मिक स्वरूप का वर्णन किया , मथुरा में श्रीकृष्ण ने धनुष यज्ञ का भंग किया, मल्लयुद्ध में चाणूर और मुष्टिक को पराजित किया तथा अत्याचारी कंस का वध कर धर्म की स्थापना की। श्रीकृष्ण एवं बलराम ने सांदीपनि ऋषि के आश्रम में शिक्षा प्राप्त की और गुरु-दक्षिणा देकर आदर्श शिष्य होने का उदाहरण प्रस्तुत किया। जब श्रीकृष्ण मथुरा में थे, तब उन्होंने उद्धव को ब्रज में गोपियों के पास भेजा। गोपियों की अनन्य भक्ति देखकर उद्धव भी भावविभोर हो गए। कालयवन आदि का उद्धार करवाकर द्वारा प्रस्थान किया वही , रुक्मिणी ने श्रीकृष्ण को अपना पति मानकर संदेश भेजा। श्रीकृष्ण ने उनका हरण कर विवाह किया और भक्त की पुकार का सम्मान किया।

## राष्ट्रीय अंधत्व एवं अल्प दृष्टि नियंत्रण कार्यक्रम की समीक्षा बैठक संपन्न



**बेमेतरा।** राष्ट्रीय अंधत्व एवं अल्प दृष्टि नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत जिले में संचालित गतिविधियों की समीक्षा हेतु 4 जून 2026 को कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, बेमेतरा के प्रशिक्षण कक्ष में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अमृत लाल रोहलेडर के मार्गदर्शन तथा जिला नोडल अधिकारी (अंधत्व) डॉ. बी.एल. राज के निर्देशन में संपन्न हुई। बैठक में जिले के समस्त नेत्र सहायक अधिकारियों ने भाग लिया। इस दौरान मोतियाबिंद से प्रभावित मरीजों की पहचान एवं उपचार, विटामिन-ए की कमी से होने वाली रतौंधी (नाइट ब्लाइंडनेस), आंखों में धुंधलापन, अत्यधिक आंसू आना तथा अन्य नेत्र रोगों से संबंधित मरीजों की जांच एवं सूची तैयार करने के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में आंगनबाड़ी एवं स्कूली बच्चों की नियमित नेत्र जांच पर विशेष बल दिया गया। अधिकारियों ने कहा कि बच्चों में दृष्टि संबंधी समस्याओं की समय पर पहचान एवं उपचार से उनके शारीरिक, मानसिक एवं बौद्धिक विकास को बेहतर बनाया जा सकता है। इसके लिए विद्यालय एवं आंगनबाड़ी स्तर पर व्यापक जांच अभियान संचालित करने के निर्देश दिए गए। समीक्षा बैठक में वार्षिक कार्ययोजना, जिला चिकित्सालय में मोतियाबिंद ऑपरेशन की कार्ययोजना, नेत्र रोगियों को बेहतर उपचार सुविधा उपलब्ध कराने तथा जनजागरूकता गतिविधियों को और प्रभावी बनाने पर भी विचार-विमर्श किया गया।

### 8 परीक्षा केंद्रों में शांतिपूर्ण ढंग से हुई परीक्षाएं, दिव्यांग परीक्षार्थी को मिली विशेष सुविधा

# व्यापम की प्री-बीएड में 75% और बीएससी नर्सिंग प्रवेश परीक्षा में 80% उपस्थिति, कड़ी सुरक्षा के बीच परीक्षा संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ बेमेतरा

छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल (व्यापम) रायपुर द्वारा आयोजित प्री-बीएड एवं बीएससी नर्सिंग प्रवेश परीक्षाएं गुरुवार को जिले के सभी परीक्षा केंद्रों में कड़े सुरक्षा इंतजामों और व्यापम के सख्त दिशा-निर्देशों के बीच शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हुईं। प्री-बीएड परीक्षा में 75 प्रतिशत तथा बीएससी नर्सिंग प्रवेश परीक्षा में 80 प्रतिशत परीक्षार्थियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

प्री-बीएड परीक्षा के लिए जिले में बनाए गए पांच परीक्षा केंद्रों में कुल 1502 परीक्षार्थी पंजीकृत थे, जिनमें से 1129 परीक्षार्थी उपस्थित रहे जबकि 373 अनुपस्थित रहे। वहीं बीएससी नर्सिंग प्रवेश परीक्षा के लिए बनाए गए तीन परीक्षा केंद्रों में कुल 778 परीक्षार्थियों में से 623 उपस्थित हुए और 155 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। दोनों परीक्षाएं सुबह 10 बजे से दोपहर 12:15 बजे तक आयोजित की गईं। व्यापम द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार परीक्षार्थियों को परीक्षा प्रारंभ होने से दो घंटे पूर्व केंद्रों में पहुंचना अनिवार्य किया गया था। इसके चलते अधिकांश परीक्षार्थी सुबह सात बजे से ही अपने-अपने परीक्षा केंद्रों में पहुंचने लगे थे। सुबह 9:30 बजे मुख्य द्वार बंद होने तक सभी पात्र परीक्षार्थी केंद्रों के भीतर प्रवेश कर चुके थे।



### कड़ी जांच के बाद मिला प्रवेश

इस बार व्यापम ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर विशेष सतर्कता बरती। परीक्षा केंद्रों में प्रवेश से पूर्व परीक्षार्थियों की सघन जांच की गई। महिला एवं पुरुष अभ्यर्थियों को कानों के आभूषण स्वयं निकालने पड़े तथा पूरी बांह की शर्ट पहनकर आने वालों को बांह मोड़कर आधी करनी पड़ी। मुख्य द्वार पर तैनात शिक्षकों ने दस्तावेजों का सत्यापन किया, जिसके बाद पुलिसकर्मियों ने मेटल डिटेक्टर से एक-एक अभ्यर्थी की जांच की। जिला समन्वयक एवं शासकीय पं. जवाहरलाल नेहरू कला एवं विज्ञान स्नातकोत्तर महाविद्यालय बेमेतरा के वरिष्ठ प्राध्यापक प्रो. डी.आर. साहू ने सेजेस हिंदी माध्यम विद्यालय, शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तथा सेजेस शिवलाल राठी अंग्रेजी माध्यम विद्यालय सहित तीन परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सभी केंद्रों में परीक्षा व्यवस्था संतोषजनक एवं शांतिपूर्ण पाई गई।

### प्री-बीएड परीक्षा केंद्रवार उपस्थिति रहे

पं. जवाहरलाल नेहरू शासकीय कला एवं विज्ञान स्नातकोत्तर महाविद्यालय मे 360 में से 275 उपस्थित लक्ष्मण प्रसाद वैद्य शासकीय कन्या महाविद्यालय पर 360 में से 285 उपस्थित रहे। शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय 360 में से 256 उपस्थित सेजेस हिंदी माध्यम विद्यालय, बेमेतरा – 360 में से 269 उपस्थित ज्ञानोदय पब्लिक स्कूल, बेमेतरा – 62 में से 44 उपस्थित बीएससी नर्सिंग परीक्षा केंद्रवार उपस्थिति सेजेस शिवलाल राठी अंग्रेजी माध्यम विद्यालय 300 में से 235 उपस्थित रहे। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, बावा मोहतरा – 300 में से 243 उपस्थित पीएमश्री जवाहर नवोदय विद्यालय, बहेरा-कुसमी – 178 में से 145 उपस्थित रहे।

### परीक्षार्थियों ने बताया आसान रहा प्रश्नपत्र

परीक्षा देकर निकले कई अभ्यर्थियों ने प्रश्नपत्र को अपेक्षाकृत सरल बताया। कन्हेरा की ललिता वर्मा, बेमेतरा की रितिका वर्मा, भरदा लोधी (साजा) की मनी जंघेल, मोहभट्ठा (बलौदाबाजार) की गीतांजलि वर्मा, जंगलपुर प्रतापपुर की रानू राजपूत तथा कुसमी (बेरला) के बलदाऊ साहू ने बताया कि प्रश्नपत्र संतुलित और आसान था। परीक्षा केंद्रों से बाहर निकलते समय अधिकांश अभ्यर्थियों के चेहरों पर संतोष और आत्मविश्वास दिखाई दिया।

### दृष्टिबाधित परीक्षार्थी के लिए विशेष व्यवस्था

प्रो. डी.आर. साहू ने बताया कि इस बार साजा विकासखंड के ग्राम बेलगांव निवासी दृष्टिबाधित परीक्षार्थी फत्तेलाल सेन भी प्री-बीएड परीक्षा में शामिल हुए। व्यापम द्वारा उन्हें विशेष सुविधा के तहत सहयोगी लेखक उपलब्ध कराया गया। उनके लिए अलग कक्ष की व्यवस्था की गई थी तथा दो वीक्षकों की विशेष ड्यूटी लगाई गई थी। सभी आवश्यक दस्तावेज, मेडिकल प्रमाणपत्र और शपथ पत्र प्रस्तुत करने के बाद ही सहयोगी लेखक की अनुमति दी गई। नियमानुसार उन्हें 40 मिनट अतिरिक्त समय दिया जाना था, लेकिन उन्होंने निर्धारित समय समाप्त होने के मात्र 10 मिनट बाद ही अपनी ओएमआर शीट जमा कर दी।

## मोदी सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर भाजपा का स्वच्छता अभियान, हनुमान चालीसा पाठ

हरिभूमि न्यूज ⏭ बेरला



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी बेरला मंडल द्वारा बुधवार को विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस दौरान नगर पंचायत बेरला स्थित शीतला माता मंदिर परिसर में स्वच्छता अभियान चलाकर स्वच्छता का संदेश दिया गया तथा शाम को बाजार चौक स्थित हनुमान मंदिर में सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ किया गया। कार्यक्रम का आयोजन भाजपा मंडल अध्यक्ष डोमेन्द्र सिंह राजपूत के नेतृत्व में किया गया, जबकि पूर्व विधायक एवं प्रदेश प्रकोष्ठ संयोजक अवधेश सिंह चंदेल ने कार्यक्रम का मार्गदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने मंदिर परिसर और आसपास के क्षेत्रों में साफ-सफाई कर स्वच्छ भारत अभियान के प्रति लोगों को जागरूक किया। वहीं शाम को हनुमान मंदिर में पूजा-अर्चना कर देश की सुख-समृद्धि, विकास और शांति के लिए प्रार्थना की गई तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उत्तम स्वास्थ्य एवं दीर्घायु होने की कामना की गई। इस अवसर पर अवधेश सिंह चंदेल ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश ने पिछले 12 वर्षों में जनकल्याण, आधारभूत संरचना विकास, महिला सशक्तिकरण, किसान कल्याण, युवा रोजगार और स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। उन्होंने उज्ज्वला योजना, मुद्रा योजना, लखपति दीदी, सुकन्या समृद्धि योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना, स्टार्टअप इंडिया तथा आयुष्मान भारत जैसी योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि इन योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है।वोमंडल अध्यक्ष डोमेन्द्र सिंह राजपूत ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी पिछले 12 वर्षों से निरंतर देश सेवा में समर्पित हैं और जनधन योजना, शौचालय निर्माण, प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना तथा मुद्रा लोन जैसी योजनाओं के माध्यम से करोड़ों परिवारों के जीवन में सकारात्मक बदलाव आया है। कार्यक्रम में जिला पंचायत सभापति प्रीतम सिंह चंदेल, विधायक प्रतिनिधि अमृत माहेश्वरी, यतीश द्विवेदी, नगर पंचायत अध्यक्ष विशाल राज देशलहरा, भाजयुमो अध्यक्ष युगल पाटिल, जगदीश कुर्रे, राजू साहू, सिंपू परगनिहा सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## भाजपा शहर मंडल की मासिक बैठक में संगठन विस्तार और मोदी सरकार के 12 वर्षों की उपलब्धियों पर जोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बेमेतरा

- केंद्र सरकार के 12 वर्षों की उपलब्धियां जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान
- शहर मंडल अध्यक्ष युगल देवांगन ने दिए संगठनात्मक दिशा-निर्देश

भारतीय जनता पार्टी शहर मंडल की मासिक बैठक भाजपा कार्यालय में संपन्न हुई। बैठक में संगठन की मजबूती, आगामी कार्यक्रमों की रणनीति तथा केंद्र सरकार के 12 वर्षों की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने पर विशेष जोर दिया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक का शुभारंभ प्रदेश संयोजक राजू देवांगन द्वारा राष्ट्रगीत के साथ किया गया। राष्ट्रगीत की प्रस्तुति ने पूरे सभागार में देशभक्ति और संगठन के प्रति समर्पण का वातावरण निर्मित कर दिया। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित विधायक दीपेश साहू ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने पिछले 12 वर्षों में विकास, सुशासन और जनकल्याण के अनेक नए आयाम स्थापित किए हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे केंद्र सरकार की उपलब्धियों एवं जनहितकारी योजनाओं की जानकारी प्रत्येक नागरिक तक पहुंचाएं। विधायक ने कहा कि भाजपा केवल चुनावी राजनीति का मंच नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण और समाज सेवा का एक सशक्त माध्यम है। बैठक की अध्यक्षता करते हुए शहर मंडल अध्यक्ष युगल देवांगन ने संगठनात्मक विषयों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत बनाने, कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी बढ़ाने तथा आगामी कार्यक्रमों की सफल तैयारी के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि भाजपा की ताकत उसके समर्पित कार्यकर्ता हैं और संगठन की मजबूती ही भविष्य की सफलता का आधार बनेगी।

इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिंह, जिला उपाध्यक्ष प्रणीश रजक, पूर्व महिला मोर्चा अध्यक्ष ललिता साहू, अमेरिका निर्मलकर, मनीष छाबड़ा, कमलेश वर्मा, विकास तंबोली, गोयल साहू, गेदंलाल वर्मा, मनोज रजक, ममता साहू, सुनीता सिन्हा, ओमेश्वरी साहू सहित अनेक वरिष्ठ पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक का संचालन महामंत्री संदीप यादव ने किया। कार्यक्रम में शहर मंडल के पदाधिकारियों, विभिन्न मोर्चों के अध्यक्षों, पार्षदों एवं बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं की सक्रिय सहभागिता रही। बैठक के समापन पर संगठन की एकजुटता, अनुशासन और भाजपा की विचारधारा के प्रति समर्पण का संदेश दिया गया। पूरे आयोजन में राष्ट्रभावना, संगठन शक्ति और नेतृत्व क्षमता का प्रभावी समन्वय देखने को मिला, जिसने कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा और उत्साह का संचार किया।

## 140 घरों के सर्वे में 21 लोगों की पीलिया जांच नहीं मिला केस

**भिलाई।** वार्ड 67 स्थित सेक्टर-7 की सड़कों 31, 41, 42 और 43 में संभावित पीलिया की जांच के लिए बुधवार को स्वास्थ्य विभाग और निगर निगम की टीम ने 140 घरों का निरीक्षण किया। 21 लोगों के सैंपल लेकर जांच कराई गई। इसमें पीलिया की पुष्टि नहीं हुई है। प्रशासन ने स्थिति को नियंत्रण में बताया है। वहीं पानी का सैंपल लेकर उसे चन्दूलाल मेडिकल कॉलेज में जांच के लिए भेजा गया। सेक्टर 7 में लगातार मिल रहे पीलिया के मरीजों को देखते हुए जिला सर्विलेंस अधिकारी डॉ. सीबीएस बंजारे, एपिडेमियोलॉजिस्ट, मोबाइल मेडिकल यूनिट की टीम, नगर निगम के अधिकारी और स्थानीय स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं ने प्रभावित इलाके का निरीक्षण किया। टीम ने घर-घर जाकर लोगों की स्वास्थ्य स्थिति की जानकारी ली और आवश्यक परीक्षण कराए। नगर निगम भिलाई और स्वास्थ्य विभाग ने क्षेत्र से पानी के सैंपल लेकर लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को जांच के लिए भेजा है। अधिकारियों का कहना है कि दूषित पानी से होने वाले संक्रमण की आशंका को देखते हुए निगरानी बढ़ा दी गई है।

## धान छोड़ अन्य फसलों पर प्रोत्साहन राशि का स्वागत गन्ना व चारा किसानों को भी मिले सहायता: सुरेश दुबे

**नवागढ़।** प्रदेश सरकार द्वारा धान के स्थान पर दलहन, तिलहन एवं अन्य फसलों की खेती करने वाले किसानों को प्रति एकड़ 15 हजार रुपये प्रोत्साहन राशि देने की घोषणा का किसानों ने स्वागत किया है। हालांकि नवागढ़ क्षेत्र के प्रगतिशील किसान सुरेश दुबे ने मांग की है कि इस योजना के दायरे में गन्ना एवं चारा उत्पादक किसानों को भी शामिल किया जाए। दुबे ने कहा कि फसल विविधीकरण को बढ़ावा देने का सरकार का निर्णय सराहनीय है, लेकिन खेती केवल दलहन और तिलहन तक सीमित नहीं है। गन्ना उत्पादक किसान भी पूरे वर्ष कड़ी मेहनत करते हैं। गन्ने की फसल तैयार करने से लेकर गुड़ निर्माण तक किसानों को मजदूरी, बिजली बिल और फसल की सुरक्षा जैसे कई खर्चों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि गुड़ निर्माण के दौरान बाहर से मजदूर बुलाने पड़ते हैं तथा पेराई मशीनों के संचालन में बिजली का अतिरिक्त खर्च आता है। इसके बावजूद सरकारी योजनाओं में गन्ना उत्पादकों को अपेक्षित लाभ नहीं मिल पाता। प्रगतिशील किसान ने जिले में बढ़ती आवारा एवं घुमंतू पशुओं की समस्या पर भी चिंता जताई। उनका कहना है कि कई किसान खेती करने के बजाय अपनी फसलों को पशुओं से बचाने में अधिक समय और संसाधन खर्च कर रहे हैं। उन्होंने मांग की कि जिन किसानों की खेती पशुओं से प्रभावित हो रही है अथवा जो चारागाह के लिए भूमि छोड़ रहे हैं, उन्हें भी प्रति एकड़ सहायता राशि प्रदान की जाए। सुरेश दुबे ने कहा कि दलहन एवं तिलहन की खेती अपनाने वाले किसानों को बीज, सिंचाई और कृषि प्रबंधन से जुड़ी आवश्यक व्यवस्थाओं के लिए अतिरिक्त सहायता मिलनी चाहिए। उनका मानना है कि प्रत्येक गांव की मिट्टी और किसानों की परिस्थितियां अलग-अलग होती हैं, इसलिए योजनाओं को भी स्थानीय आवश्यकताओं के अनुरूप बनाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि सरकार खेती को वास्तव में लाभकारी बनाना चाहती है तो प्रोत्साहन योजनाओं का दायरा और व्यापक करना होगा।



## पति से विवाद के बाद मानसिक संतुलन बिगड़ी महिला का 7 घंटे तक हाई-वोल्टेज ड्रामा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बेमेतरा

शहर में बुधवार-गुरुवार की दरमियानी रात एक ऐसा घटनाक्रम सामने आया जिसने आम लोगों, पुलिस और प्रशासन सभी को घंटों तक परेशान रखा। पति से हुए विवाद के बाद मानसिक रूप से असंतुलित हुई एक महिला ने करीब सात घंटे तक शहर में उत्पात मचाते हुए पांच वाहनों में तोड़ फोड़ कर दी। इस दौरान वह नेशनल हाईवे पर भी पहुंच गई और कई बार तेज रफ्तार वाहनों के सामने आने से उसकी जान जोखिम में पड़ गई। अंततः सखी वन स्टॉप सेंटर की टीम और महिला पुलिस कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद महिला को सुरक्षित नियंत्रित किया। बाद में सभी औपचारिकताएं पूरी कर महिला और उसके दोनों बच्चों को उसके भाई के सुपुर्द कर दिया गया। जानकारी के अनुसार मूल रूप से द्वारका (दिल्ली) निवासी गौरव तोमर अपनी पत्नी नेहा तोमर और दो बच्चों के साथ पिछले एक वर्ष से बेमेतरा के विशाल नगर क्षेत्र में किराए के मकान में रह रहे हैं। गौरव सरदा स्थित एक औद्योगिक इकाई में कार्यरत हैं। परिवार को बुधवार रात दिल्ली और जम्मू-कश्मीर के लिए रवाना होना था, लेकिन उससे पहले पति-पत्नी के बीच किसी बात को लेकर गंभीर विवाद हो गया। विवाद के बाद नेहा तोमर बिना किसी को बताए अपने दोनों बच्चों 6 वर्षीय बेटी और 3 वर्षीय बेटे को एक्टिवा में बैठाकर देर रात रायपुर के लिए निकल गई। इसके बाद घटनाक्रम ने अप्रत्याशित मोड़ ले लिया।

### रायपुर के होटल में रातभर हंगामा परिचित ने लाकर छोड़ा घर

बुधवार सुबह जब महिला का कोई पता नहीं चला तो पति गौरव तोमर उसकी तलाश में जुट गया। इसी दौरान महिला की मां ने दिल्ली से परिवार के स्थानीय परिचित पिंटू रोहरा को फोन कर बेटी का पता लगाने का अनुरोध किया। मोबाइल लोकेशन रायपुर मिलने पर पिंटू रोहरा वहां पहुंचे, जहां एक होटल में महिला का पता चला। होटल संचालक ने बताया कि महिला ने पूरी रात होटल परिसर में हंगामा किया था। काफी समझाइश और प्रयास के बाद पिंटू रोहरा महिला और बच्चों को लेकर बुधवार देर रात करीब दो बजे बेमेतरा पहुंचे और उन्हें उनके निवास पर छोड़ दिया। उस समय पति घर पर मौजूद नहीं था।



### आधी रात के बाद शुरू हुआ उत्पात पांच वाहनों को पहुंचाया नुकसान

बताया जाता है कि घर लौटने के कुछ समय बाद ही महिला ने बच्चों को घर में छोड़ दिया और रात करीब तीन बजे बाहर निकल गई। मानसिक रूप से अस्थिर स्थिति में उसने घर के बाहर खड़ी दो कारों पर ईंट-पत्थरों से हमला कर उनके शीशे तोड़ दिए। इसके बाद वह मुख्य मार्ग स्थित एक जिम परिसर में पहुंची और वहां भी करीब एक घंटे तक हंगामा करती रही। वहां से निकलकर महिला परिचित पिंटू रोहरा के घर के सामने पहुंची और वहां खड़ी तीन दोपहिया वाहनों को भी पत्थरों से क्षतिग्रस्त कर दिया। वाहनों में तोड़फोड़ के बाद महिला नेशनल हाईवे पर पहुंच गई और बीच सड़क पर खड़ी होकर आने-जाने वाले भारी वाहनों के सामने आने लगी।

### पुलिस की लेटलतीफी पर उठे सवाल

घटना के दौरान स्थानीय लोगों ने तत्काल डायल-112 और कोतवाली पुलिस को सूचना दी, लेकिन पुलिस के मौके पर पहुंचने में करीब एक घंटे की देरी होने की बात सामने आई है। बताया गया कि आरक्षकों की कमी का हवाला दिया गया। इस बीच महिला लोगों की पकड़ से बचने के लिए एक मॉल में घुस गई। बाद में सखी वन स्टॉप सेंटर की दो महिला कर्मियों और एक महिला आरक्षक ने मॉल के भीतर पहुंचकर महिला को काफी देर तक समझाया। लंबी मशक्कत के बाद उसे सुरक्षित नियंत्रित कर डायल-112 वाहन के माध्यम से उसके निवास तक लाया गया। महिला की स्थिति को देखते हुए मकान मालिक और पड़ोसियों ने किसी अप्रिय घटना की आशंका जताते हुए उसे सखी वन स्टॉप सेंटर ले जाने की मांग की। सखी वन स्टॉप सेंटर प्रभारी राखी यादव ने बताया कि महिला और उसके दोनों बच्चों को विभागीय संरक्षण में रखा गया था।

### चिंता राम गर्ग महासचिव बने

## बसपा ने जिले में किया संगठन विस्तार, नैन दास गायकवाड़ बने जिला अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ नवागढ़



बहुजन समाज पार्टी ने बेमेतरा जिले में अपने संगठन को नई धार देते हुए नवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के ग्राम रिसा अमली निवासी वरिष्ठ नेता नैन दास गायकवाड़ को जिला अध्यक्ष नियुक्त किया है। वहीं अधिवक्ता चिंता राम गर्ग को जिला महासचिव और कुमार गायकवाड़ को जिला सचिव की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। नई नियुक्तियों के बाद जिले के बसपा कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल देखा जा रहा है।

जिला मुख्यालय में आयोजित संगठनात्मक बैठक में बसपा छत्तीसगढ़ इकाई के प्रदेश अध्यक्ष श्याम टंडन, रायपुर जोन प्रभारी भूषण नादिया, डॉ. रोहित डहरिया सहित कई वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी में संगठन विस्तार और आगामी राजनीतिक गतिविधियों को लेकर मंथन किया गया। नेताओं ने कहा कि बसपा सामाजिक न्याय, समानता और संवैधानिक मूल्यों की पक्षधर पार्टी है तथा संगठन की मजबूती के जरिए आम लोगों की आवाज को और प्रभावी बनाया जाएगा। बैठक को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने बसपा संस्थापक मान्यवर काशीराम के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि सामाजिक परिवर्तन और राजनीतिक भागीदारी के माध्यम से ही समाज के वंचित वर्गों को उनका अधिकार दिलाया जा सकता है। नियुक्ति की घोषणा के बाद कार्यक्रम का माहौल उत्सव में बदल गया। नव-नियुक्त पदाधिकारियों का पुष्पहार पहनाकर भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर नैन दास गायकवाड़ ने कहा कि पार्टी नेतृत्व ने जो विश्वास जताया है, उस पर खरा उतरने का पूरा प्रयास किया जाएगा। संगठन को गांव-गांव तक मजबूत बनाकर बसपा की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाना उनकी प्राथमिकता होगी।

कार्यक्रम में साधे लाल बघेल, रेमजे मैकडोनल्ड, दिनेश टंडन, चैन दास घृतलहरे, प्रवीण गायकवाड़, पुरन दास, देवनाथ निषाद, शत्रुहन मोहले, प्यारेलाल, लक्ष्मण काठले, लालजी बंजारे, सियाराम जांगड़े, इनामदास डहरिया, सावित महंत, पीला राम, चेतन, भारत सिंह, शत्रुहन चंद्राकार, संतोष कोशले, केशव सोनवानी, प्रकाश टंडन, पुष्पा चतुर्वेदी, सुशीला मनहरे, शकील, अरुण, तिलक, रामनाथ, शत्रुहन बंजारे, मानू बंजारे, गोपाल कुर्रे, गजरतन बंजारे, गुलशन गायकवाड़ एवं नोहरदास सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने नव-नियुक्त पदाधिकारियों को बधाई दी।